**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3470**
**दिनांक 17.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## आरओएससीटीएल योजना

3470. **श्री बिद्युत बरन महतोः**
**श्री जनार्दन मिश्राः**

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम और व्यापक हस्तशिल्प संकुल विकास योजना के तहत हथकरघा बुनकरों और कारीगरों को समर्थन देने के लिए क्या पहल की गई है; और
(ख) राज्य और केंद्रीय करों और शुल्कों में छूट (आरओएससीटीएल) योजना का उद्देश्य देश में कपड़ा क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता को किस प्रकार बढ़ाएगा?

**उत्तर**
**वस्त्र राज्य मंत्री**
**(श्री पबित्र मार्घेरिटा)**

**(क):** राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम के अंतर्गत हथकरघा बुनकरों को सहायता प्रदान करने के लिए सरकार देश भर में उन्नत करघे और सहायक उपकरण की खरीद, वर्कशेड के निर्माण, डिजाइन नवाचार, उत्पाद विविधीकरण, बुनियादी ढांचे के विकास, घरेलू और विदेशी बाजारों में हथकरघा उत्पादों की मार्केटिंग, रियायती दरों पर ऋण आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है।

व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना के अंतर्गत हस्तशिल्प कारीगरों को सहायता प्रदान करने के लिए सरकार देश भर में बेहतर बुनियादी ढांचे, कौशल विकास, डिजाइन नवाचार, जागरूकता और उद्यमिता विकास कार्यक्रम, प्रचार और ब्रांडिंग, उन्नत टूलकिट की खरीद, घरेलू और विदेशी बाजारों में हस्तशिल्प उत्पादों की मार्केटिंग आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है।

**(ख):** सरकार इन क्षेत्रों को सहायता प्रदान करने और इनमें प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए मार्च 2019 से राज्य और केंद्रीय करों तथा शुल्कों में छूट (आरओएससीटीएल) योजना को कार्यान्वित कर रही है, ताकि परिधान/वस्त्र और मेड-अप के निर्यात पर सभी अंतर्निहित राज्य और केंद्रीय करों/शुल्कों में छूट दी जा सके। इसके अलावा, इस योजना को 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है।

*****